जमीनी हकीकत,बेखौफ रिपोर्टिंग www.vishalsamachar.com

# विशाल समाचार

● वर्ष १५ ● अंक ५२ ● पुणे ● मंगलवार, दि. २६ मई से १ जून २०२६ RNI NO. MAHHIN/2010/33648 ● पृष्ठ ४ ● मूल्य २ रुपये

## महायुति में सीट बंटवारे को लेकर बढ़ी हलचल, मुख्यमंत्री फडणवीस बोले- जल्द निकलेगा रास्ता

**मुंबई, (विशाल सिंह) :** महाराष्ट्र की राजनीति में विधान परिषद चुनाव को लेकर महायुति गठबंधन के भीतर सीट बंटवारे को लेकर हलचल तेज हो गई है। इस बीच मुख्यमंत्री ने कहा है कि गठबंधन के सभी दलों के साथ लगातार बातचीत जारी है और जल्द ही सहमति का रास्ता निकाल लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने स्पष्ट किया कि महायुति में शामिल सभी सहयोगी दल गठबंधन के लिए महत्वपूर्ण हैं और सीटों को लेकर किसी प्रकार का मतभेद नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सहित सभी दलों की भावनाओं एवं राजनीतिक संतुलन को ध्यान में रखकर फैसला लिया जाएगा।



राजनीतिक सूत्रों के अनुसार विधान परिषद चुनाव में सीटों की संख्या और दावेदारी को लेकर सहयोगी दलों के बीच अंदरूनी मंथन जारी है। कई नेताओं की ओर से अपनी-अपनी दावेदारी मजबूत करने की कोशिशें भी तेज हो गई हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री का यह बयान महायुति के भीतर जारी चर्चाओं के बीच महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

फडणवीस ने भरोसा जताया कि गठबंधन पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगा और सभी मुद्दों का समाधान आपसी संवाद के जरिए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महायुति सरकार विकास कार्यों और जनहित के मुद्दों पर पूरी तरह केंद्रित है तथा चुनावी प्रक्रिया को लेकर किसी प्रकार का भ्रम नहीं है।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि आने वाले दिनों में सीट बंटवारे को लेकर तस्वीर और साफ हो सकती है। फिलहाल मुख्यमंत्री के बयान के बाद गठबंधन में चल रही अटकलों पर कुछ हद तक विराम लगने की उम्मीद जताई जा रही।

## बकरीद पर कानून-व्यवस्था से कोई समझौता नहीं, खुले में नमाज की अनुमति नहीं : सीएम योगी

**लखनऊ (डीएस तोमर ) :** Yogi Adityanath ने बकरीद पर्व को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि कानून-व्यवस्था से किसी भी स्थिति में समझौता नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि नमाज केवल निर्धारित एवं पारंपरिक स्थलों पर ही अदा की जाए और सार्वजनिक सड़कों या खुले स्थानों पर नमाज की अनुमति नहीं होगी।

मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान शांति और सौहार्द का माहौल बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार की अफवाह, भड़काऊ बयानबाजी या सोशल मीडिया पर गलत सूचना फैलाने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने को कहा गया है।

सीएम योगी ने नगर निकायों और संबंधित विभागों को साफ-सफाई, पेयजल और बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुर्बानी निर्धारित स्थानों पर ही की जाए



तथा प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी किसी भी हालत में न होने पाए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि धार्मिक आयोजनों के दौरान परंपरा और आस्था का सम्मान करते हुए कानून का पालन सुनिश्चित कराया जाए। साथ ही उन्होंने पुलिस प्रशासन को लगातार गश्त बढ़ाने और भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए।

बैठक में वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने त्योहार को लेकर की जा रही तैयारियों की जानकारी मुख्यमंत्री को दी। सरकार का कहना है कि प्रदेशभर में त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं।

## पुणे में मतदाता सूची का विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान शुरू, सूची होगी अधिक पारदर्शक

**पुणे, (विशाल सिंह) :** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पुणे जिले में विशेष सघन मतदाता पुनरीक्षण (SIR ) अभियान शुरू किया जा रहा है। इस अभियान के तहत लगभग ९१ लाख १६ हजार ३२५ मतदाताओं की जानकारी का घर-घर जाकर सत्यापन किया जाएगा, ताकि मतदाता सूची को अधिक सटीक, पारदर्शी और अद्यतन बनाया जा सके।

जिलाधिकारी तथा जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र डुडी ने जानकारी दी कि ३० जून से २९ जुलाई २०२६ तक बीएलओ (BLO) घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करेंगे और भरे हुए प्रपत्र वापस एकत्र करेंगे। इस दौरान मतदाता के नाम, पता, फोटो एवं अन्य विवरणों का सत्यापन किया जाएगा तथा एएसडीडी (Absent, Shifted, Dead, Duplicate ) प्रविष्टियों की भी जांच की जाएगी।

उन्होंने बताया कि २० से २९ जून के बीच बीएलओ का प्रशिक्षण एवं गणना प्रपत्रों की छपाई की जाएगी। ५ अगस्त २०२६ को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी, जबकि ५ अगस्त से ४ सितंबर तक दावे एवं आपत्तियां दर्ज की जा सकेंगी। ७ अक्टूबर २०२६ को अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी।

इस अभियान में लगभग ८,४१७ बीएलओ तथा ४,५५७ बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) शामिल रहेंगे। प्रशासन ने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न की जाएगी तथा किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से नहीं हटाया जाएगा।

## ऊर्जा क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की नई उपलब्धि, देश में सबसे अधिक विद्युत आपूर्ति वाला राज्य बना उत्तर प्रदेश:मंत्री श्री ए के शर्मा

**लखनऊ, (धर्मेन्द्र कुमार वर्मा) :**उत्तर प्रदेश ने बिजली आपूर्ति के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए शनिवार रात्रि १०:३९ बजे ३१,८०४ मेगावाट की रिकॉर्ड पीक डिमांड को सफलतापूर्वक पूरा किया। यह न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि देश के किसी भी राज्य द्वारा अब तक की गई सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति है।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने इस उपलब्धि पर कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य हर घर, हर गांव और हर शहर तक निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली पहुंचाना है, जिस दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं।उन्होंने बताया कि निर्धारित रोस्टर से आगे बढ़कर प्रदेश में व्यापक स्तर पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने



का प्रयास किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी लगभग २२ से २२.५ घंटे तक बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की गई, जिससे आमजन, किसान, व्यापारी और उद्योगों को बड़ी राहत मिली है।

ऊर्जा मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि कुछ लोग प्रदेश की बिजली व्यवस्था को लेकर भ्रम फैलाने का प्रयास करते हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि उत्तर प्रदेश आज देश में सर्वाधिक बिजली उपलब्ध कराने वाला राज्य बन चुका है। उन्होंने स्पष्ट किया कि तकनीकी, प्राकृतिक अथवा मानवजनित कारणों से कहीं-कहीं स्थानिक व्यवधान उत्पन्न हो सकते हैं, लेकिन उन्हें दूर करने के लिए विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी दिन-रात पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं।उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि विद्युतकर्मियों का मनोबल बढ़ाएं, क्योंकि भीषण गर्मी और कठिन परिस्थितियों में भी वे लगातार जनता को बेहतर बिजली सुविधा उपलब्ध कराने में जुटे हुए हैं।

## २४ घंटे बिजली सप्लाई के सरकारी दावे पर उठने लगे सवाल, कई जिलों में कटौती से लोग परेशान

**विशेष रिपोर्ट । विशाल समाचार**

उत्तर प्रदेश सरकार ने हाल ही में दावा किया कि प्रदेश ने बिजली आपूर्ति के मामले में नया रिकॉर्ड बनाया है। सरकार के अनुसार ३१,८२४ मेगावाट की पीक बिजली सप्लाई दी गई, जो प्रदेश ही नहीं बल्कि देश के किसी भी राज्य में अब तक की सबसे अधिक बताई जा रही है। साथ ही यह भी कहा गया कि शहरी क्षेत्रों में २४ घंटे और ग्रामीण इलाकों में २२ से २२.३० घंटे तक बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की गई।

सरकार के इन दावों के बीच जमीनी स्तर से अलग तस्वीर सामने आ रही है। प्रदेश के कई




जिलों से लगातार बिजली कटौती, लो-वोल्टेज, ट्रिपिंग और घंटों सप्लाई बाधित रहने की शिकायतें मिल रही हैं। भीषण गर्मी के बीच ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में लोग बार-बार बिजली जाने से परेशान हैं। कई स्थानों पर रात के समय लंबी कटौती होने से लोगों की नींद तक प्रभावित हो रही है।

ग्रामीण इलाकों में किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिलने की शिकायत है, वहीं छोटे कारोबारी और दुकानदार भी बिजली की अनियमित आपूर्ति से प्रभावित हो रहे हैं। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि वास्तव में २४ घंटे बिजली मिल रही होती, तो स्थानीय स्तर पर शिकायतों की संख्या इतनी अधिक नहीं होती।

हालांकि ऊर्जा विभाग का कहना है कि तकनीकी खराबी, ओवरलोडिंग, मौसम और अन्य कारणों से कुछ स्थानों पर अस्थायी व्यवधान उत्पन्न हो रहे हैं। विभाग का दावा है कि विद्युतकर्मी दिन-रात काम कर समस्याओं को दूर करने में जुटे हुए हैं। बिजली आपूर्ति को लेकर सरकार के रिकॉर्ड दावों और आम जनता के अनुभव के बीच अंतर अब चर्चा का विषय बनता जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि केवल उत्पादन और सप्लाई के आंकड़े पेश करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि अंतिम उपभोक्ता तक निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली पहुंचना ही असली उपलब्धि मानी जाएगी। प्रदेश में लगातार बढ़ती गर्मी के बीच बिजली व्यवस्था आम जनता के लिए सबसे बड़ा मुद्दा बनी हुई है। ऐसे में लोग यह सवाल पूछ रहे हैं कि यदि उत्तर प्रदेश वास्तव में बिजली सप्लाई में नंबर-१ बन चुका है, तो फिर गांवों और कस्बों में लगातार कटौती की शिकायतें क्यों सामने आ रही हैं।

## केंद्रीय मंत्री नितीन गडकरी के जन्मदिवस पर राष्ट्रीय मराठी संघ ने दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली :** देश के लोकप्रिय एवं विकास पुरुष के रूप में पहचान रखने वाले केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री के ६९वें जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मराठी संघ के पदाधिकारियों ने नई दिल्ली में उनसे शिष्टाचार मुलाकात कर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की।

इस आत्मीय भेंट के दौरान राष्ट्रीय मराठी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आनंद रेखी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री सुभाष लोखंडे, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष श्री अतुल बोकरिया जैन एवं श्री प्रितम गवारे उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर केंद्रीय मंत्री का अभिनंदन किया तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु



एवं निरंतर जनसेवा की कामना की।

मुलाकात के दौरान संघ पदाधिकारियों ने कहा कि श्री गडकरी के नेतृत्व में देशभर में सड़क एवं राजमार्ग विकास को नई गति मिली है। आधुनिक एक्सप्रेस-वे, बेहतर कनेक्टिविटी और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में उनके कार्यों ने भारत की विकास यात्रा को नई दिशा प्रदान की है। उनकी कार्यशैली, दूरदृष्टि और जनहित के प्रति समर्पण देश के लिए प्रेरणास्रोत है।